राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 116/2024

राजभवन में 15 एवं 16 जून को आमोत्सव का आयोजन होगा

पटना, 12 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के निदेश पर राजभवन परिसर में 15 एवं 16 जून, 2024 को ''बिहार आमोत्सव–2024'' का आयोजन किया जायेगा। आमोत्सव में आम के विभिन्न अनुशंसित प्रभेदों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त आम क्रेता–विक्रेता सम्मेलन एवं निर्यात से संबंधित विषयों पर परिचर्चा भी आयोजित की जायेगी। आम एवं आम से निर्मित खाद्य सामग्रियों की बिक्री भी होगी। प्रदर्शनी आम लोगों के लिए 15 जून को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक एवं 16 जून, 2024 को प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक खुली रहेगी।

माननीय राज्यपाल 15 जून को पूर्वाह्न 10:45 बजे आमोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर बिहार के माननीय कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे एवं मैंगो मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ० कलीमुल्लाह खान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। 15 जून को ही अपराह्न 02:30 बजे से आम उत्पादक किसान – क्रेता – प्रसंस्करणकर्ता एवं निर्यातक सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें भारत में आम का वर्तमान परिदृश्य, उत्तर भारत में आम उत्पादन की चुनौतियाँ एवं रणनीति, राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक हितकारी योजनाएँ, आम निर्यात : समस्याएँ एवं रणनीति तथा आम निर्यात हेतु गुणवत्ता मानक एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल आदि विषयों पर चर्चा होगी।

आमोत्सव के दूसरे दिन 16 जून को पूर्वाह्न 11:00 बजे आम उत्पादक कृषक – वैज्ञानिक वार्तालाप का आयोजन होगा, जिसमें आम उत्पादक कृषकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हितकारी योजनाएँ, आम के निर्यात हेतु आदर्श कृषि पद्धतियाँ, बिहार में आम उत्पादन हेतु नवोन्मेषी तकनीकें, आम के निर्यात हेतु मानक एवं ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल, आम में सघन बागवानी, आम में नवीनतम शोध उपलब्धियाँ, आम में रोग एवं कीट–व्याधि प्रबंधन तथा आम का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवंर्धित उत्पाद आदि पर परिचर्चा होगी। इसके अतिरिक्त कृषक वैज्ञानिक आदान–प्रदान वार्ता भी आयोजित होगी।

....